Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 23-03-2005

Participants : Mahto Shri Tek Lal

Title: Issues relating to starvation deaths in Jharkhand.

श्री टेक लाल महतो (गिरिडीह) : आदरणीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान इस ओर आकर्िात करना चाहता हूं कि नयी सरकार बनने के बाद झारखंड के विभिन्न जिलों में कई घटनाएं हो चुकी हैं। वहां कई लोग गरीबी और भुखमरी से मर चुके हैं। उदाहरणस्वरूव झारखंड की राजधानी रांची में 20 मार्च को गरीबी एवं भुखमरी से तंग आ कर एक ही परिवार के सात लोग, चंडिका सिंह, उम्र 50 वा और उनकी पत्नी, उम्र 45 वा एवं उनकी पांच बेटियों ने लालपुर थाना के अंतर्गत, चिरैयां माहौल स्ट्रीट में, डीएन घोा कम्पाउंड में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। इसी तरह झारखंड के तमाम जिलों में भुखमरी से लोग मर रहे हैं, किन्तु राज्य सरकार कोई कारगर कदम उठाने में असमर्थ है।

अध्यक्ष महोदय, जहां 54 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा से नीचे रहते हैं, वहां ढाई करोड़ रुपए में मात्र 11 मंत्रियों के लिए गाड़ी खरीदी जा रही है। इसलिए मैं इसमें केन्द्र सरकार से हस्तक्षेप करने की मांग करता हूं।